आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

26.06.2020

महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के मार्ग–निर्देशन में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है । दिनांक 25.06. 2019 को आरेडिका में निर्मित स्मार्ट हमसफर रेक को महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

इस स्मार्ट हमसफर रेक को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जैसे–आकर्षक विनाईल शीट, जेल कोटेड एफआरपी लवेटरी माड्यूल के साथ बेहतर सौंदर्यकरण, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, यात्री घोषणा प्रणाली, ट्रेन का नाम और ट्रेन नंबर प्रदर्शित करने के लिए डिजिटल डेस्टिनेशन बोर्ड, वाईफाई पर आधारित इन्फोटेनमेन्ट सिस्टम जिसमें स्मार्टफोन एकीकृत मीडिया और गेमिंग सेवाएं तथा मोबाईल एवं टैब के लिए एंड्रॉइड और आईओएस ऐप पर विडियो की सुविधा उपलब्ध होगी। इस स्मार्ट हमसफर रेक के कोचों में यात्रियों की चिकित्सा या सुरक्षा के लिए आपतकालीन टॉक बैक सिस्टम, वीडियो विश्लेषणात्मक आधारित सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, कोच के अंदर वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए सेंसर तथा स्मार्ट वाटर लेबल सेंसर जो कोच मे पानी कम होने पर अगले वाटरिंग स्टेशन को एसएमएस अर्लट भेजने में सक्षम है, आदि सुविधाएं सम्मिलित है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री अनूप कुमार, सीएओ श्री आलोक कुमार सहित मुख्य विभागाध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।

इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग इत्यादि नियमों एवं कोविड सम्बन्धी निर्धारित दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चत किया गया।

26/06/2020

(वी. के. दूबे)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी